हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 11 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

11 जयंती देवी मंदिर में 11 हजार कन्याओं का पूजन आज



11 अमेरिका के रैवये पर युवा कांग्रेस ने जताया रोष



## खबर संक्षेप

### हथियार जमा न करवाने पर रद होगा लाइसेंस

**कलायत।** नपा आम चुनाव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने धारकों से लाइसेंसी हथियार जमा करवाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना प्रबंधक जय भगवान ने लाइसेंसी हथियार रखने वालों से जल्द से जल्द शस्त्रों को जमा करवाने की अपील की है। कहा कि शांति पूर्वक ढंग से चुनाव संपन्न करवाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने हथियार जमा करवाने के निर्देश दिए हैं।

### गुत्थमगुथी हो रहे आठ युवक दबोचे

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने भिवानी रोड पर आपस मे गाली गलौज कर आठ लोगों काबू किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि भिवानी रोड पर कुछ युवक आपस में गाली गलौज कर रहे हैं। जिसके चलते राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो युवक गुत्थम गुथी हो रहे थे।

### बाइक चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** वर्ष 2020 के बाइक चोरी मामले की जांच थाना सिविल लाइन पुलिस के एएसआई जगभान की टीम द्वारा करते आरोपी सातरोड जिला हिसार निवासी दीपक को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव मानस निवासी गुरजेंट की शिकायत अनुसार 20 दिसंबर को उसकी बाइक विष्णु मार्केट से अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोपित दबोचा

**जींद।** सदर थाना सफीदों पुलिस ने घर मे घुस नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सदर थाना सफीदों इलाका गाव की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत सात फरवरी रात को गाव की अमन उनके घर मे घुस आया और उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया।

### सोने का मंगलसूत्र छीनने का केस दर्ज

**कैथल।** करनाल रोड स्थित एसपी आवास के पास एक पुलिसकर्मी की पत्नी के गले से सोने का मंगलसूत्र छीनने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन पुलिस कॉलोनी निवासी नीतू बाला ने सिविल लाइन की पुलिस को शिकायत दी है।

### टाटा एस बंद गाड़ी से तीन गाय-बछड़ा बरामद

**जींद।** गांव धरौदी टी प्वायंट पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने बंद बॉडी टाटा एस गाड़ी से तीन गाय तथा एक बछड़े को बरामद किया है। पुलिस ने टाटा एस गाड़ी सवार दो लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता, गोवंश संरक्षण एव गौसंवर्धन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना नरवाना पुलिस गांव धरौदी के निकट टी प्वायंट पर वाहनों पर नजर रखे हुई थी।

### बच्चों को लेकर कहासुनी में पिता-पुत्र घायल, केस

**कैथल।** गली में खेल रहे बच्चों को लेकर हुई कहासुनी में एक व्यक्ति ने पिता और पुत्र को घायल कर दिया। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। नरड़ के शीशपाल ने तितरम पुलिस को दी शिकायत में रोक लगाया है कि वह मजदूरी का काम करता है। 9 फरवरी को सुबह के समय उसके मकान के आगे बच्चे शरारत कर रहे थे।

### लाठी-डंडे से हमला कर एक को किया घायल

**कैथल।** कांगथली गांव में एक युवक पर बाइक पर सवार होकर आए नकाबपोश आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ति युवक ने गांव के ही सरपंच पर हमला करवाने का आरोप लगाया है। युवक की शिकायत पर पुलिस ने सरपंच व अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# जिप अध्यक्षा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर तीसरी बार बैठक आज

## डीसी के अचानक छुट्टी चले जाने के कारण दो बार हो चुकी बैठक स्थगित, जिप अध्यक्षा को चाहिए नौ पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर तीसरी बार महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को डीआरडीए हाल में बैठक बुलाई है। पूर्व में 13 दिसंबर तथा 22 जनवरी को डीसी के अचानक छुट्टी पर चले जाने के कारण बैठक स्थगित हो चुकी है। बार-बार बैठक स्थगित होने पर जिप चेयरमैन ने हाईकोर्ट का सहारा लिया। जिस पर तीसरी बार 11 फरवरी को अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक को निर्धारित किया गया है। गत दो दिसंबर को 25 सदस्यों वाली जिला परिषद मे 18 जिला पार्षद जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा के खिलाफ शपथ पत्र सौंपे थे। कुर्सी पर खतरा मंडराता देख मनीषा रंधावा ने भाजपा का दामन थामने का दावा किया था। जिला भाजपा कैडर ने मनीषा रंधावा की सदस्यता पर सवाल खड़ा कर दिया था। भाजपा कैडर अब भी अपने दावे पर कायम है। विपक्षी खेमा रणनीति को बदलते हुए पूर्व में भाजपा समर्थित रही महिला पार्षद पर दांव खेल रहा है। अब उसे कितना समर्थन पार्षदों का तथा पार्टी का मिल रहा है। वह तो मंगलवार को पता चल पाएगा। फिलहाल जिप अध्यक्षा की स्थिति मजबूत माना जा रहा है। जजपा के समर्थन से भाजपा समर्थक को हरा बनी थी जिप अध्यक्षाः लगभग दो साल पहले भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार मे डिप्टी सीएम रहे दुष्यंत चौटाला के आशीर्वाद से मनीषा रंधावा जिला परिषद अध्यक्षा बनी थी। जिन्होंने भाजपा समर्थक को एक मत से हराया था। विस चुनाव से पहले जजपा-भाजपा को गठबंधन टूट चूका था। मनीषा रंधावा ने विस चुनाव के दौरान कांग्रेस का दामन थाम लिया था। बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनने तथा पार्षदों के रूख को देख मनीषा रंधावा ने भाजपा की ऑनलाइन सदस्यता का दावा किया था। जिसे भाजपा कैडर ने नकार दिया था। जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा के खिलाफ 25 में से 18 पार्षदों ने मोर्चा खोला था। गत तीन दिसंबर को 18 पार्षदों ने डीसी का शपथ पत्र देकर जिप अध्यक्षा के खिलाफ अविश्वास बैठक बुलाने की मांग की थी। गत 13 दिसंबर को अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक निर्धारित हुई तो डीसी छुट्टी पर चले गए। जिसके चलते बैठक स्थगित हो गई। फिर 22 जनवरी को अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक बुलाई तो डीसी के छुट्टी चले जाने के कारण वह भी स्थगित हो गई। जिसके बाद हाईकोर्ट के आदेश पर फिर तीसरी बार 11 फरवरी निर्धारित की गई है। मनीषा को अविश्वास प्रस्ताव पर पार पाने के लिए नौ पार्षदों की जरुरत है।



डीआरडीए सभागार।

### आंकडों के खेल मे विपक्ष को भाजपा का सहारा

जिप अध्यक्षा के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले पार्षदों को भाजपा का सहारा है। पिछले दिनों अंसुतष्ट पार्षदों ने विस डिप्टी स्पीकर डा कृष्ण लाल मिड्ढा तथा जिला भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात की थी। उस दौरान भी अंसतुष्ट पार्षदों के पास आंकडा पूरा नही था। जिसके बाद फिर उसी महिला पार्षद पर दाव खेलने का निर्णय लिया गया। जिसे दो साल पहले भाजपा ने प्रत्याशी बनाया था। माना जा रहा है कि अगर बैठक होती है तो कुछ पार्षद नदारद भी रह सकते है। जो रणनीति हिस्सा होगा। जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा ने बताया कि उनके पास बहुमत से ज्यादा पार्षद हैं। उन्हें नौ पार्षदों की जरूरत है,लेकिन उनके पास 13 पार्षद हैं। उनकी कुर्सी को कोई खतरा नही है। बेशर्त अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक होनी चाहिए।

## नपा चेयरमैन प्रत्याशी की खर्च सीमा 12.50 लाख , पार्षद पद के लिए तीन लाख तय

# निकाय चुनावः आज से सत्रह तक सभी कार्य दिवसों में भरे जाएंगे पर्चे

## पालना सुनिश्चित करने के लिए जिला नगर आयुक्त नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले की तीन नगर पालिकाओं कलायत, सीवन व पूंडरी में आगामी दो मार्च को मतदान होगा। इसके लिए आज 11 फरवरी से 17 फरवरी तक राजपत्रित अवकाश को छोड़कर सभी कार्य दिवसों में सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल होंगे। डीसी प्रीति ने बताया कि कलायत नगर पालिका चुनाव के लिए कलायत एसडीएम कार्यालय में नामांकन पत्र जमा करवाए जा सकेंगे। पूंडरी नगर पालिका चुनाव के लिए पूंडरी नगर पालिका व सीवन नगर पालिका के लिए सीवन नगर पालिका कार्यालय में नामांकन पत्र जमा करवाए जा सकेंगे। इसके बाद 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। चुनाव के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से तीन बजे तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों, मतदान केन्द्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। दो मार्च को सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने पर 12 मार्च को सुबह आठ बजे से मतगणना करवाई जाएगी और इसी दिन चुनाव के परिणाम घोषित होंगे। उन्होंने बताया कि नगर पालिका प्रधान के लिए सामान्य वर्ग के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति की महिला एवं अनुसूचित जाति के लिए आठवीं पास होना जरूरी है। नगर पालिका में पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति के लिए आठवीं और अनुसूचित जाति की महिला के लिए पांचवी पास होना जरूरी है।

### चुनाव संपन्न करवाने के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान राजा ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के अनुसार नगर पालिका जुलाना के प्रधान व पार्षद पदों के लिए चुनाव दो मार्च को तय किया गया है। इस दिन नगर पालिका सफीदों के वार्ड नंबर 14 पार्षद पद का उपचुनाव भी होगा। नगर पालिका चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न करवाने के लिए नगर पालिका जुलाना के लिए उपमंडल अधिकारी होशियार सिंह जुलाना एवं सफीदों के लिए उपमंडल अधिकारी सफीदों पुलकित मल्होत्रा को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहायक रिटर्निंग अधिकारी जुलाना के लिए तहसीलदार जुलाना शालिनी लाठर तथा सफीदों के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी नायब तहसीलदार सफीदों विकास कुमार को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला नगर आयुक्त को आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नपा जुलाना व सफीदों चुनाव से संबंधित शिकायतों का समय पर निपटारा करें। कानून व्यवस्था से संबंधित रिपोर्ट आरओ से प्राप्त करके प्रतिदिन चुनाव आयोग को भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि छुट्टी वाले दिन 12 व 16 फरवरी को छोड़कर 11 से 17 फरवरी सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक चुनाव लडने के इच्छुक उम्मीदवार अपना नामांकन फॉर्म जमा करवा सकते हैं। 18 फरवरी को सुबह 11 बजे से नॉमिनेशन फॉर्म की छंटनी की जाएगी तथा 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे के बीच उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि शेष बचे उम्मीदवारों को 19 फरवरी को ही चुनाव चिन्ह अलॉट कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अगर किसी कारण से दोबारा इलेक्शन करवाने की जरूरत पडती है तो चार मार्च 2025 को सुबह आठ से सायं छह बजे तक इलेक्शन करवाया जा सकता है। उसके बाद 12 मार्च को वोटों की गिनती की जाएगी।

### मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा

डीसी प्रीति ने बताया कि नगर पालिका चेयरमैन पद के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की खर्च सीमा 12 लाख 50 हजार रुपये, पार्षद पद के लिए तीन लाख रुपये तय की गई है। उन्होंने बताया कि सभी चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को अपने चुनाव खर्च को ब्यौरा रखना होगा और उसे चुनाव समाप्त होने के बाद 30 दिनों के अन्दर संबंधित आरओ को जमा करवाना होगा। यदि कोई प्रत्याशी ऐसा नहीं करता है तो उसे पांच साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रत्याशी की अपराधिक पृष्ठभूमि है तो उसे उसका पूरा ब्यौरा सार्वजनिक करना होगा। इसके लिए उसे स्थानीय हिन्दी व अंग्रेजी समाचार पत्रों में पूरी जानकारी प्रकाशित करवानी होगी। साथ ही अलग-अलग तीन दिनों में स्थानीय टीवी चेनल और केबल नेटवर्क पर प्रसारित करानी होगी। जिला प्रशासन द्वारा आमजन को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### ये रहेगी जमानत राशि

डीसी प्रीति ने बताया कि नगर पालिका में चेयरमैन पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए दो हजार रुपये, अनुसूचित जाति, बीसी ए, बीसी बी और महिला के लिए एक हजार रुपये की जमानत राशि तय की गई है। नगर पालिका में पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए एक हजार रुपये, अनुसूचित जाति, बीसी ए, बीसी बी और महिला के लिए 500 रुपये की जमानत राशि तय की गई है।

# लिव इन में रह रहे युवक की जहर निगलने से मौत

## तीन माह से रह रहा था महिला के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

लिव इन में रह रहे कैथल के एक युवक ने करनाल में संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाकर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान 30 वर्षीय विष्णु के रूप में हुई है, जो कैथल के कस्बा पूंडरी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह पिछले तीन महीनों से एक महिला के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा था। उसने शनिवार सांय जहर निगल लिया जिसके बाद उसे कैथल के अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया। यहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आज दोपहर को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया और फिर परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भाई कृष्ण ने बताया कि विष्णु पिछले 3-4 महीने से कैथल निवासी ज्योति नाम की एक महिला के साथ रह रहा था, जो अपने तीन बच्चों को छोड़कर उसके साथ आई थी। परिवार का कहना है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ होगा, तभी विष्णु ने यह कदम उठाया। महिला ने फोन कर घरवालों को विष्णु के अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी, लेकिन परिवार को उसकी मौत की खबर आज सुबह मिली। भाई का कहना है कि उन्हें पूरे मामले में कुछ गड़बड़ लग रही है, क्योंकि महिला का पति भी विदेश में रहता है।



### महिला बोली- मंदिर में शादी हुई थी, घरवाले खिलाफ थे

उधर, महिला ज्योति का कहना है कि विष्णु से उसकी बातचीत एक साल से चल रही थी। तीन महीने पहले विष्णु ने उसे कैथल के पूंडरी में बुलाया और दोस्तों के सामने मंदिर में शादी की। वह तभी से उसके घर पर रह रहा था। महिला ने दावा किया कि विष्णु के घरवालों को इस बारे में सब कुछ पता था, लेकिन वे इस रिश्ते के खिलाफ थे। महिला ने चेतावनी दी कि वह परिवार वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराएगी।

### शव परिजनों को सौंपा

पुलिस का कहना है कि फिलहाल मामले की जांच जारी है। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि विष्णु ने खुद जहर खाया या किसी और वजह से उसकी मौत हुई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा उसके परिजनों को सौप दिया।

# रेलवे कर्मियों का रोष प्रदर्शन

■ कर्मचारियों ने रेल प्रशासन के खिलाफ लगाए मुर्दाबाद के नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एनआरएमयू जींद शाखा ने भोजन अवकाश में जींद जंक्शन पर कर्मचारियों के पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। शाखा सचिव मेहर सिंह द्वारा कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय नई दिल्ली के सामने 15 जनवरी से प्रत्येक कार्य दिवस पर धरना दिया जा रहा है। क्योंकि प्रशासन कर्मचारियों की जायज मांगों को भी पूरा नहीं कर रहा है जैसे कर्मचारियों को प्रोटेक्टिव गैर उपलब्ध नहीं करवाए जा रहे हैं जिससे उनकी जान का जोखिम को कम किया जा सके कुछ अधिकारी कर्मचारियों से अपने घरों दफ्तरों पर कार्य करवा रहे हैं जिससे अन्य कर्मचारियों पर उनके काम का बोझ भी बढ़ रहा है ट्रैकमैन साथियों के लिए लैटरल इंडक्शन को लागू नहीं किया जा रहा है ताकि ट्रैकमेंन साथियों को भी पदोन्नति के अवसर प्राप्त हो सके 14्2 का प्रशासन दुरुपयोग कर रहा है।



जींद। नारेबाजी करते कर्मी। फोटो :हरिभूमि

# एबीवीपी छात्र संगठन की सीआरएसयू में नारेबाजी

## एमबीए विभाग में चार सीटों पर 12 दाखिले देकर घोटाला करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के एमबीए विभाग में पीएचडी में चार सीटों पर 12 विद्यार्थियों को दाखिला कर भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाकर छात्र संगठन एबीवीपी ने सोमवार को रोष जताते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार को लेकर पोस्टर भी चस्पा किए। एबीवीपी के छात्र नेता रोहन सैनी ने आरोप लगाए कि एमबीए विभाग में चार सीटों पर 12 विद्यार्थियों को दाखिला दिया गया। इसमें पूरी तरह से भ्रष्टाचार किया गया है। बाद में छह विद्य?र्थियों को फेल कर दिया। इसमें एक छात्रा वह भी फेल की गई, जिनका चार बार जेआरएफ पास हुआ है और दो बार यूपीएससी की परीक्षा भी पास की है। इस घोटाले की जानकारी के लिए उन्होंने आरटीआई भी लगाई लेकिन उनको सही जवाब नहीं दिया जा रहा। इसको लेकर उन्होंने विजिलेंस से जांच करवाने की मांग की है। सीआरएसयू रजिस्ट्रार डा. लवलीन मोहन ने बताया कि विद्यार्थियों ने पीएचडी दाखिले में भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर पोस्टर लगाने की जानकारी मिली है। इस मामले में कार्रवाई के लिए तीन सदस्यों की जांच कमेटी बनाई हुई हैए जो मामले की जांच कर रही हैं। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर इसमें आगामी कार्रवाई की जाएगी। विजलेंस जांच की मांग पर रजिस्ट्रार ने कहा इस बारे में विद्यार्थी उनसे नहीं मिले। पहले यूनिवर्सिटी की कमेटी की प्रारंभिक जांच होंगी।



जींद। रोष जताते हुए कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### नशीली गोलियां सप्लाई सहित चार आरोपित काबू

**कैथल।** युवा वर्ग को नशे की चपेट से बचाने के लिए नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए एसपी राजेश कालिया के निर्देशानुसार विशेष मुहिम चलाई जा रही है। मुहिम दौरान एंटी नारकोटिक सैल द्वारा रणधीर कालोनी कैथल से नशीली टेबलेट का धंधा करने वाले 2 आरोपियों को काबू करने के अतिरिक्त गोलियां सप्लाई करने वाले 2 आरोपियों को भी काबू कर लिया गया।
पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई सिंहराज की अगुवाई में एएसआई राजेश कुमार व एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम सांयकालीन गश्त दौरान बस स्टैंड कैथल के पास मौजूद थी। जहां पर सहयोगी सुत्रों से पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि कपिल नगर कैथल निवासी विक्रम उर्फ कालु व संजीव कुमार काफी समय से प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बेचने का धंधा करता है। जो अब भी रणधीर कालोनी कैथल के आस पास ग्राहकों को नशीली गोलियां बेचने के लिए आने वाले है।

**समस्या** | दर्जनों पंचों ने एसडीएम को दी शिकायत

# ग्राम पंचों ने बीडीपीओ कार्यालय पर लगाए मानदेय में गडबड़ी के आरोप

रूका हुआ मानदेय व एरियर तत्काल बहाल करवाया जाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों बीडीपीओ ब्लाक में ग्राम पंचायतों में बने पंचों ने उनके मानदेय में घोटाला होने के आरोप लगाए हैं। इन आरोपों के चलते क्षेत्र के दर्जनों पंचों ने सोमवार को एक शिकायत एसडीएम पुलकित मल्हौत्रा को की है। यह शिकायत हरियाणा पंचायती राज एसोसिएयान के जिला उपाध्यक्ष रोहित मलिक की अध्यक्षता में की गई। शिकायत करने पहुंचे बलवान ऐंचरा, राजेश कुमार डिडवाड़ा, बलिंद्र कुमार,ख गौरव पाजू कलां, विक्रम, संदीप, रामनिवास सिंघाना, जसविंद्र सिंघाना, बबीता कारखाना, कुलदीप, सुरेश कुमार, सीमा, दिप्ती, अशोक साहनपुर, महावीर हाट समेत अनेक पंचों का कहना था कि सफीदों ब्लाक में 45 ग्राम पंचायतों के 461 पंच बने हुए हैं। प्रत्येक पंच को प्रतिमाह 1600 रुपये मानदेय सरकार की ओर से भेजा जाता है लेकिन सफीदों के बीडीपीओ कार्यालय के द्वारा पंचों का मानदेय समय पर उनके बैंक खातों में नहीं डाला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी कोई पंच बीडीपीओ कार्यालय में अधिकारियों से अपने मानदेय का हिसाब मांगने जाता है तो उसे कोई हिसाब नहीं दिया जाता। उनका कहना था कि किसी पंच का 11 महीने तो किसी पंच का 8 महीने का मानदेय बकाया है लेकिन बीडीपीओ कार्यालय द्वारा उन्हे मात्र 3 माह का ही मानदेय बकाया बताया जा रहा है। ऐसे में बीडीपीओ कार्यालय में पंचों के मानदेय में घोटाले की बू आ रही है। इसके अलावा उनका ऐरियर भी बकाया चल रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि उनका रूका हुआ मानदेय व ऐरियर तत्काल बहाल करवाया जाए।

### पंचों को नहीं बुलाया जाता ग्राम सभा की बैठकों में

शिकायतकर्ता पंचों का कहना था कि गांव मे होने वाली ऐजेंडा बैठकों में भी ग्राम पंचों को नहीं बुलाया जाता। आरोप है कि उनके फर्जी साईन करके ही ऐजेंडा पास कर दिया जाता है। अधिकतर पंचों को ये ही नहीं पता होता है कि उनके गांव में किसी विकास कार्य के लिए कितने रूपए पास किए गए हैं। पंचायत सदस्यों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्हे ग्राम सभाओं की बैठकों में भी नहीं बुलाया जाता। ग्राम सभा की बैठक ओपन होनी चाहिए लेकिन ये बैठकें कागजों तक ही सीमित रह गईं हैं।

### अर्जुन नगर में युवक ने फंदा लगा की आत्महत्या

**कैथल।** शहर के अर्जुन नगर में 35 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में मृतक के परिजनों ने उसकी पत्नी व एक अन्य युवक पर आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान अर्जुन नगर निवासी पवन के रुप में हुई है। पवन के परिजनों ने बताया कि कैलरम गांव निवासी एक युवक अर्जुन नगर में ही एक दुकान चलाता है। आरोप लगाया कि पवन की पत्नी का उसकी दुकान पर आना जाना था और दुकानदार के साथ संबंध थे। दुकानदार के साथ मिलकर उसकी पत्नी अपने पति के साथ झगड़ा करती थी। कई बार उस युवक के साथ घर से बाहर भी चली गई थी। यदि पति रोकता था तो वह तलाक की धमकी देती थी। कुछ दिन पहले भी वह आरोपी के साथ मिलकर अपने पति के साथ झगड़ा कर रही थी और बाद में उस युवक के साथ कहीं बाहर चली गई थी। इससे युवक काफी परेशान था। परिजनों ने मृतक की पत्नी व उसके सहयोगी युवक को घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविर में पहुंची 12 शिकायतें

जींद। लघु सचिवालय स्थित सभागार में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार भी उपस्थित रहे। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी 12 शिकायतें प्राप्त हुईं।

### बाढ़ से बचाव के लिए करवाया जाएगा अभ्यास

जींद। जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार ने बताया कि 22 फरवरी तक एनडीआरएफ टीम द्वारा जिला के विभिन्न क्षेत्रों में अग्निशमन, बाढ़, प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए परिचय अभ्यास करवाया जाएगा। रिहर्सल को तीन चरणों में बांटा गया है। बताया 11 को राजकीय मॉडल संस्कृतिक स्कूल उचाना में सुबह साढ़े नौ बजे व राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल डूमरखां दोपहर साढ़े 12 बजे परिचय अभ्यास करवाया जाएगा।

### मेडिकल स्टोर का ताला तोड़कर सामान चुराया

जींद। रेलवे रोड पर बीती रात चोरों ने मेडिकल हाल समेत दो दुकानों के ताले तोड़ कर 12 हजार की नगदी तथा अन्य सामान को चोरी करने के दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। हकीकत नगर निवासी सचिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रेलवे रोड पर मेडिकल स्टोर है। बीती रात चोरों ने स्टोर का ताला तोड़ कर 12 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया।

### विवि में साइबर अपराध जागरूकता संगोष्ठी

जींद। साइबर अपराध चुनौतियां और समाधान विषय पर एक दिवसीय जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन संसिद्धि फाउंडेशन द्वारा चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के रसायन विभाग एवं कंप्यूटर विज्ञान विभाग के सहयोग से किया गया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों एवं आम जनता को साइबर अपराध के खतरों एवं उनसे बचाव के तरीकों के प्रति जागरूक करना था।

### 18 फरवरी को जींद आएंगे श्रीश्री रविशंकर

जींद। आर्ट ऑफ लिविंग के अध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर 18 को जींद में आयोजित आध्यात्मिक संगम में भाग लेंगे। कार्यक्रम का आयोजन सैक्टर सात के श्री धाम नगर में होगा। कार्यक्रम के लिए आयोजकों ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग हरियाणा की ओर से किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार श्रीश्री रविशंकर प्रतिष्ठित आर्ट आफ लिविंग फाउंडेशन के संस्थापक 18 फरवरी को श्रीधाम में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचेंगे।

### लांबा खेड़ी व गांव मटौर में शोभा यात्रा निकाली

कलायत। संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती महोत्सव उपलक्ष्य में सोमवार को लांबा खेड़ी व मटौर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में बड़े-बुजुर्ग, युवा और बच्चों ने उत्साह एवं उमंग के साथ गुरु रविदास की महिमा का गुणगान किया। बड़े कारवां में चल रहे श्रद्धालुओं ने भक्ति आंदोलन प्रवर्तक संत शिरोमणि गुरु रविदास की शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया।

### हार-जीत एक सिक्के के दो पहलू : राजेश वशिष्ठ

जींद। नेहरू युवा केंद्र की तरफ से सोमवार को एकलव्य स्टेडियम में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर एफएलएल जिला कोऑर्डिनेटर राजेश वशिष्ठ ने शिरकत की। जबकि अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र जिला अधिकारी हरप्रीत ने की।

### राजकीय महाविद्यालय में एल्बेंडाजोल की गोली बांटी

नरवाना। राजकीय महाविद्यालय नरवाना में राष्ट्रीय सेवा योजना रैड रिब्बन क्लब एवं रैड क्रास समिति के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य मंत्रालय हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशानुसार कृमि नाशक एलबैंडाजोल की गोलियां नागरिक अस्पताल नरवाना की परामर्श दात्री डॉक्टर नीरज देवी के मार्गदर्शन में छात्र एवं छात्राओं में वितरित की गई।

## आज खिलाई जाएंगी बच्चों को एल्बेंडाजोल

# चार लाख 71 हजार बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवसः 11 से 18 फरवरी तक चलेगा विशेष अभियान

### अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत मंगलवार से एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई जाएंगी। आगामी 18 फरवरी तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चला कर चार लाख 71 हजार बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जो बच्चे किसी कारणवश 11 फरवरी को गोली नही खा पाएंगे, उनको 18 फरवरी को मॉपअप दिवस पर गोलियां खिलाई जाएगी। अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां पूरी हैं और टीमों का गठन किया जा चुका है। गोलियां खिलाने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूलों और स्लम एरिया में जाएंगे। इसके अलावा कुछ छोटे बच्चे स्लम बस्ती, झुग्गी झोपडियों व ईंट भ_ों पर भी रहते हैं, वहां भी स्वास्थ्यकर्ता पहुंच कर गोलियां खिलाने का काम करेंगे। वहीं जिले में 724 राजकीय स्कूल और 387 प्राइवेट स्कूल हैं। राजकीय और प्राइवेट स्कूलों में लगभग अढाई लाख विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसके अलावा जिले में 17 राजकीय व निजी कॉलेज सहित विश्वविद्यालय है, जिसमें लगभग 11 हजार युवा पढ़ाई करते हैं। क्या है कृमि संक्रमणः कृमि संक्रमण से जहां एक ओर बच्चों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास बाधित होता है वहीं दूसरी ओर उनके हीमोग्लोबिन स्तर पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। पेट में कीड़े होने से बच्चों में खून की कमी देखी जाती है। जिस कारण कुपोषण, भूख न लगना, कमजोरी, बेचैनी, पेट दर्द, उल्टी, दस्त एवं वजन में कमी देखी जाती है।


जींद। नागरिक अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल।

### आज से शुरू होगा अभियान

नागरिक अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने बताया कि जिले में एक से 19 साल तक के चार लाख 71 हजार बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंगलवार को सभी सरकारी व अर्ध सरकारी स्कूल, प्राइवेट स्कूल, आईटीआई, प्राइवेट व सरकारी कॉलेज तथा पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों में यह गोली दी जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वो बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाने से डरे नहीं। पेट में कीड़े होने की वजह से बच्चों का शारीरिक मानसिक विकास रुक जाता है। इसलिए एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य को सुधारने के लिए पेट में कीड़े मारने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाती है।

### गोली खिलाने से यह होंगे लाभ

- 1. एनीमिया में कमी एवं पोषण स्तर में वृद्धि।
- 2. बच्चों में शारीरिक वृद्धि एवं वजन बढ़ना।
- 3. मानसिक एवं शारीरिक विकास में बढ़ोतरी।
- 4. बीमारियों से बचने हेतु प्रतिरोधी क्षमता बढ़ना।
- 5. बच्चों की याददाश्त में वृद्धि करना।

## अमेरिका के रवैये पर युवा कांग्रेस ने जताया रोष

- सीटीएम को सौंपा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

जिला युवा कांग्रेस कमेटी ने अमेरिका में भारतीय लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार करने के विरोध मे सीटीएम डा. आशीष को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अमनदीप बेलरखां के नेतृत्व मे लघु सचिवालय मे ज्ञापन देने पहुंचे युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि अमेरिका सरकार द्वारा वहां बसे भारतीयों के साथ अन्यायपूर्ण और अमानवीय व्यवहार कर रही है। अचानक किए निर्वासन से मानवता को गहरा हनन हुआ है। हथकडियां तथा बेडिया पहना कर पूरे सफर के दौरान भारतीय लोगों के साथ अपमानजनक व्यवहार किया। कहा कि अमेरिका का ये व्यवहार कि हमारी विदेशी नीति में खामियां को दर्शाता हैं। पूरे विश्व में देश की छवि खराब हुई है। दूसरी तरफ अन्य देश के नागरिकों को भी उनके राष्ट्र भेजा गया लेकिन उनके हथकडिया तथा बेडिया नही लगाई गई थी और ना ही उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। जबकि देश के पीएम नरेंद्र मोदी अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति के लिए वोट भी मांगे थे। फिर भारतीय लोगों के साथ यह दुव्यवहार क्यूं किया जा रहा है। कहा अवैध प्रवासन को रोकने के लिए मजबूत नीतियों की राष्ट्र को जरूरत है। साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाये कि विदेशों में रोजगार के लिए कानूनी एवं सुरक्षित मार्ग उपलब्ध हों। मानव तस्करी नेटवर्क को समाप्त करना होगा। निर्वासित लोगों को पुर्नवास व समर्थन प्रदान करना होगा और पारदर्शी प्रवासन ढांचे स्थापित करने होंगें ताकि भारतीय नागरिक सुरक्षित रह सके व भारत देश की छवि विदेशों में धूमिल ना हो सके । मौके पर कई युवा काग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।


जींद। नृत्य प्रस्तुत करते हुए छात्रा। फोटो :हरिभूमि

### सुप्रीम स्कूल के बच्चों ने मनाया विदाई समारोह

जींद। सुप्रीम स्कूल में छात्र व छात्राओं ने बड़े धूमधाम से फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया स कार्यक्रम का शुभारंभ हवन के द्वारा किया गया। इसके अंतर्गत बच्चों ने कविता पाठ, फैशन शो, नृत्य संगीत को प्रस्तुत किया ही साथ ही साथ स्कूल में बीते पलों और अनुभवों को भी सांझा किया।इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य सतेंद्र त्रिपाठी ने सभी छात्र व छात्राओं को विदा करते समय उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें सफलता का आशीष दिया स उन्होंने कहा कि इतने वर्षों तक स्कूल में पढने वाले बच्चों से लगाव होना लाजमी है। स्कूल ने अपनी जिम्मेदारियां और शिक्षक की भूमिकाओं को हर लिहाज से पूरा करने का प्रयास किया है। उन्होंने विभिन्न मौकों पर बच्चों के बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई भी दी। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य सत्येंद्र त्रिपाठी, विकास एवं अन्य अध्यापकगण मौजूद रहे।

### नगूरां स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

अलेवा। नगूरां गांव के राजकीय कन्या वमावि में गणित व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन स्टैम मेला के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्या कोमा रानी ने की तथा निरीक्षक की भूमिका गणित प्रवक्ता नरेश कुमार तथा रसायन विज्ञान प्रवक्त ा जगदीश, भौतिकी विज्ञान प्रवक्ता अजमेर सिंह तथा जीव विज्ञान प्रवक्ता नरेंद्र सिंह ने निभाई।इस दौरान विद्यार्थियों ने स्टैम मंच के सभी प्रोजक्टों का प्रदर्शन किया। गणित के प्रोजक्टों का निर्माण मुकेश रानी व विज्ञान के प्रोजक्टों का निर्माण जगबीर सिंह मुख्याध्यापक की देखरेख में हुआ। प्राचार्या कोमा रानी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के लिए बहुत जरूरी है।

### बच्चों को दिलवाई जल संरक्षण की शपथ

सफीदों। नगर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह के अंतर्गत जल संरक्षण पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों को जल संरक्षण की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर जिला समन्वयक विष्णु कुमार बागड़ी ने बतौर मुख्यवक्ता शिरकत करके जल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की और जल संकट से निपटने के उपायों पर प्रकाश डाला। बागड़ी ने जल संरक्षण की आवश्यकता, बढ़ते जल संकट, जल के दुरुपयोग और संभावित समाधानों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने वर्षा जल संचयन, टपक सिंचाई प्रणाली, जल पुनर्चक्रण, जलाशयों का संरक्षण और पौधारोपण जैसे उपायों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य डा. योगिंद्रपाल सिंह ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है।


सफीरों। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्राचार्य रमेश चंद्र।


सफीदों। जल संरक्षण की शपथ लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### स्कूल में जल संरक्षण पर लगाई प्रदर्शनी

सफीदों। पीएम श्री राजकीय वमावि पाजू कलां में राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह के फेज-2 के अन्र्तगत जल संरक्षण विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य रमेश चंद्र ने की। इस मौके पर विद्यार्थियों ने सुंदर-सुंदर मॉडल बनाए और उनकी प्रदर्शनी लगाकर जल बचाओ जीवन बचाओं का संदेश दिया। वहीं विद्यार्थियों ने जल संरक्षण की शपथ ली कि स्वयं भी जल बचाएंगे एवं समाज के अन्य लोगों को भी इस दिशा में प्रेरित करेंगे। अपने संबोधन में प्राचार्य रमेश चंद्र ने कहा कि वर्तमान में जल संरक्षण की महती आवश्यकता है। जल की प्रत्येक बूंद हमारे लिए कीमती है। इसे बचाने का प्रयास किया जाना चाहिए। भविष्य में जल संकट से बचने के लिए जल संरक्षण आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य रमेश चंद्र, देवेंद्र कुमार, कविता, पूनम, रानी व बिरजानंद मौजूद थे।

### कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन

जींद। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका की अध्यक्षता में राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला में कानूनी साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने छात्रों को जागरूक किया। कहा कि हमारा समाज विकसित हो रहा है इसके साथ ही मनुष्य की आपराधिक भावना भी बढ़ रही है, मानव को पिछले युग में कई बदलाव देखने को मिले हैं। कुछ समय पहले आपराधिक दिमाग वाले लोग समाज की वस्तुओं को निशाना बनाते थेए लेकिन हाल के वर्षों में ये छोटे बच्चों और शिशुओं को निशाना बनाने लगे है। मानवता पशुता में ढलती जा रही है छोटे बच्चों और शिशुओं को वे लोग निशाना बनाने लगे हैं। क्योकि इन्हें मालूम है कि कम उम्र के बच्चे नासमझ होते है और दूसरी से जल्दी घुल मिल जाते हैं। दूसरों पर जल्दी विश्वास भी कर लेते है।




जींद। आर्ट ऑफ लिविंग के बारे में जानकारी देते यादव। फोटो :हरिभूमि

### मानसिक स्वास्थ्य को लेकर शिविर आयोजित

जींद। जिला नागरिक अस्पताल में आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन द्वारा मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धित जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता कार्यवाहक सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया और उप सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल ने की। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कार्यक्रम में पहुंचे अधिकारियों एवं आर्ट ऑफ लिविंग से मुख्य वक्ता रघुबीर यादव का स्वागत किया। इस दौरान रघुबीर यादव ने उपस्थित लोगों को जीने की कला के बारे में बताया। यादव ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग का मतलब है जीवन जीने की कला। यह एक ऐसा तरीका है जिससे लोग तनाव और चिंताओं से मुक्ति पाकर खुशी और आनंद से जीवन जी सकते हैं। आर्ट आफ लिविंग में ध्यानए योगए और श्वास तकनीकें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आर्ट आफ लिविंग के कार्यक्रमों का मकसद लोगों को आंतरिक शांति और खुशी देना है। यह संस्थान समाज के लोगों को एक साथ लाता है। आर्ट आफ लिविंग के कार्यक्रमों में दैनिक जीवन के लिए व्यावहारिक ज्ञान भी शामिल है।



जींद। सांसद जयप्रकाश कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### गायों के लिए बनने वाले शैड का किया शिलान्यास

जींद। बाबा फुल्लू साध गौशाला कापड़ो में सोमवार को बाबा फुल्लू साध जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्यअतिथि के तौर पर हिसार लोकसभा से कांग्रेस सांसद जयप्रकाश पहुंचे तो अध्यक्षता नारनौंद से कांग्रेस विधायक जस्सी पेटवाड़ ने की। मंच संचालन आजाद दूहन द्वारा किया गया। सांसद द्वारा गायों के लिए बनने वाले शैड का उद्घाटन किया। हरियाणवी कलाकार सुरेंद्र गिगनाऊ, रमेश कलावडिया द्वारा गायों पर गीत प्रस्तुत किए। सांसद ने कहा कि सांसद ने कहा कि आदमी चला जाता है आदमी के कर्म, काम कभी मिटते नहीं है। जो हमारे पूर्वजों ने सिखाया उस पर हम चलते है। बाबा फुल्लू साध महाराज ने गायों को लेकर पूरे क्षेत्र में काम किया है। गाय का दूध लाभकारी होता है। गाय के गोबर से खाद बनता है। गौशालाओं में जाकर गायों की सेवा करनी चाहिए। गाय को माता का दर्जा दिया जाता है। गाय की सेवा करने से पुण्य मिलता है। गौशाला कमेटी संचालक गिरिश जैन पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर प्रधान राजेश पूनिया, महीपाल, शुभम, वीरेंद्र प्रधान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कभी भी खुले में शौच न करें, खाना खाने से पहले हाथ अवश्य धोएंः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहह उप स्वास्थ्य केंद्र जाजवान के स्वास्थ कर्मियों द्वारा प्रधानाचार्य सुभाष गौतम की अध्यक्षता में राजकीय वमावि के बच्चों के सहयोग से गांव जाजवान में कृमि मुक्ति दिवस बारे जागरूकता रैली निकलवाई गई। जारूगता रैली का मुख्य उद्देश्य कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाना व ग्रामवासियों को जानकारी देना था। एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा व रीनू शर्मा ने बताया कि 11 फरवरी मंगलवार को एक वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई जाएंगी। जो बच्चे किसी कारणवश 11 फरवरी को गोली नही खा पाएंगें, उनको 18 फरवरी को मॉपअप दिवस पर गोलियां खिलाई जाएगी। बच्चों को जागरूक करते कहा कि कभी भी खुले में शौच न करें, खाना खाने से पहले, शौच के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोने चाहिएं। खाना ढक कर रखें। अपने आसपास स्वच्छता बनाये रखें, नाखून छोटे व साफ रखें।


जींद। जागरूकता रैली निकालते हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि


विजेता खिलाड़ी अंशिका को सम्मानित करते प्राचार्य डा. पूनम मोर व अन्य।

### नेशनल फुटबाल प्रतियोगिता में अंशिका ने जीता स्वर्ण

जींद। हिंदू कन्या कॉलेज की प्राचार्य डा. पूनम मोर ने बताया कि कॉलेज की छात्रा अंशिका मलिक ने 38वीं नेशनल गेम फुटबाल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता 29 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड में हुई। उन्होंने कहा कि कॉलेज खेलों के क्षेत्र में बढ़ चढ़कर भाग ले रहा है। कॉलेज के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त करते रहते हैं। सोमवार को कॉलेज ने अंशिका मलिक का कॉलेज में पहुंचने पर स्वागत किया व उसे बधाई दी। उपलब्धि पर शारीरिक शिक्षा विभाग इंचार्ज डा. नीलम रानी, शारीरिक शिक्षा प्राध्यापिका मीना मलिक ने कहा कि यह कॉलेज के लिए बड़ी उपलब्धि है और यह अंशिका की कड़ी मेहनत व समर्पण का परिणाम है। इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रधान डा. अंशुल सिंगला ने खिलाड़ी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा, सेवानिवृत जिला खेल अधिकारी दलबीर, फुटबाल कोच अनिल, फुटबॉल सेक्रेटरी आनंद, सुरेंद्र प्रधान आदि मौजूद रहे।

## 500 से अधिक श्रद्धालु संभालेंगे व्यवस्था, सफाई अभियान चलाया

# जयंती देवी मंदिर में 11 हजार कन्याओं का पूजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाभारत कालीन श्री जयंती देवी मंदिर में मंगलवार को 11 हजार कन्याओं का पूजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कन्या पूजन को लेकर मंदिर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। वहीं श्रद्धालुओं में मंदिर परिसर में आयोजित शतचंडी महायज्ञ में आहूति भी डाली।

मंगलवार को कन्याओं को 128 स्कूलों से बस में लाने और वापस छुड़वाने की व्यवस्था कर ली गई है। आज होगी मां जयंती के प्रकटोत्सव पर पूर्णाहुति गत 29 जनवरी से शुरू हुए दुर्गा सप्तशती 108 पाठ एवं सवा लाख नवार्ण मंत्रों का जाप कर रहे 51 पंडित कार्यक्रम को पूरी तरह से भक्ति रस से सरोबार किए हुए हैं। प्रतिदिन मंदिर प्रांगण में सैंकड़ों श्रद्धालु पहुंच कर मां भगवती की अराधना कर रहे हैं। 11 फरवरी मंगलवार को गुप्त नवरात्रों के समापन और मां जयंती के प्रकटोत्सव पर पूर्णाहुति होगी। गौरतलब है कि श्री जयंती देवी मंदिर सिद्धपीठ है और इसका वर्णन प्राचीन ग्रंथो में भी वर्णित है। मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि श्री जयंती महायज्ञ एवं कन्या पूजन उत्सव 2025 का मुख्य उद्देश्य समाज में समरसता, सौहाद्र्रता, भाईचारा, प्रेम स्थापित करना है। आज समाज में विभिन्न प्रकार की कुरीतियां पैदा हो रही हैं, जिन्हें धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से काम किया जा सकता है।


जींद। मंदिर परिसर में पूजा करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### जयंती देवी मंदिर के नाम से नगर का नाम जींद पड़ा

श्री जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि यहां पर विख्यात जयंती देवी मंदिर के नाम से इस नगर का नाम जींद पड़ा है। पांडवों ने महाभारत का युद्ध लडने से पहले अपनी सफलता के लिए विजय की देवी जयंती देवी मंदिर का निर्माण करके श्रद्धापूर्वक देवी की आराधना की। जयंती देवी की आराधना के बाद ही पांडवों ने कौरवों के विरुद्ध सत्य समर्पित महासंग्राम किया। जो महाभारत के रूप में विश्वविख्यात हुआ। पुरातन भौगोलिक स्थिति में वर्तमान जींद जिला कुरुक्षेत्र का अभिन्न अंग रहा है। माता जयंती देवी की प्राकट्य दिवस के उपलक्ष में यह कन्या पूजन एवं श्री जयंती महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। मंदिर में कन्या पूजन के लिए सवा दो क्विंटल घी का हलवे का प्रसाद बनाया जाएगा। छोले की सब्जी और पुरियों के साथ कढ़ी चावल का प्रसाद भी लोगों को मिलेगा। 38 साल पहले नौ कन्याओं से शुरू हुआ पूजन अब 11 हजार कन्याओं से भी पार पहुंच चुका है।


जींद। माता–पिता का पूजन करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में मातृ-पितृ दिवस मनाया

जींद। महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में मातृ-पितृ दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने माता-पिता के प्रति श्रद्धा और प्रेम प्रकट करते हुए चरण वंदन करते हुए उन्हें पुष्प एवं माला अर्पित किए। कार्यक्रम का आयोजन योग वेदांत समिति द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि माता-पिता हमारे प्रथम गुरु होते हैं और उनका आशीर्वाद ही हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। भगवान गणेश द्वारा शिव और पार्वती की प्रदिक्षणा की कथा प्रस्तुत करते हुए तथा भारतीय संस्कृति में माता-पिता के महत्व को रेखांकित किया। विद्यालय की प्राचार्या कनिका आनंद ने कहा कि मातृ-पितृ दिवस का उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपने माता.पिता के प्रति कर्तव्यपरायण बनाने और परिवारिक मूल्यों को पुनः स्थापित करना है। इस आयोजन के दौरान अभिभावकों ने भी अपने अनुभव सांझा किए और बच्चों को अपने संस्कारों से जोडने की इस पहल की सराहना की। सभी बच्चों ने सामूहिक रूप से अपने माता-पिता के सम्मान में प्रणाम किया और उनके दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की तथा यह संकल्प लिया कि आने वाले वर्षों में भी मातृ-पितृ दिवस को व अधिक भव्य रूप से मनाया जाएगा ।

## खबर संक्षेप



### पाई के खिलाड़ियों को कबड्डी किट बांटी

**पाई** । सोमवार को ग्राम पंचायत पाई द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पाई के खेल मैदान के खिलाडियों को कबड्डी किट बांटी गई। सरपंच प्रतिनिधि नरेश ढुल पाई द्वारा सभी राजकीय स्कूलों, खेल नर्सरियों व स्टेडियम के सभी खिलाडियों को किट व अन्य खेल सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है। इसी कड़ी में आज डी. पी. दिलबाग ढुल व उनके खिलाड़यिों की मांग को पूरा करते हुए किट वितरित की गयी।

### यूनिफाइड पेंशन स्कीम के गजट की प्रतियां फूंकीं

**जींद**। उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन जींद ब्रांच ने शाखा सचिव सचिन ढुल की अध्यक्षता में रेलवे स्टेशन पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम के गजट की प्रतियां जलाकर प्रदर्शन किया। सचिन ने कहा कि ट्रैकमैन कर्मचारियों के लिए लैटरल इंडक्शन को लागू नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा कर्मचारियों की ट्रांसफर कर उन्हें घर से बेघर करने का काम किया जा रहा है। कर्मचारियों की जायज मांगों को भी पूरा नहीं किया जा रहा है। इससे कर्मचारियों में रोष है। वीरेंद्र शर्मा, राजेश, नवीन आदि मौजूद रहे।

### जींद को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने का टारगेट

# टीबी पीड़ितों को गोद लेने के लिए आगे आएं अधिकारी और सामाजिक संस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में टीबी और एचआईवी एड्स को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में टीबी के मरीजों के समुचित उपचार और देखभाल के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। बैठक में सीईओ जिला परिषद अनिल दून, डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया, डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि सरकार भारत को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। जिसमें प्रत्येक मरीज को सरकारी और निजी अस्पतालों में निशुल्क दवाएं एचआईवी जांचए शुगर जांच एवं पोषण संबंधी सहायता दी जा रही है। उपायुक्त ने आमजन से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति लगातार खांस रहा है, कमजोर हो रहा है या टीबी के अन्य लक्षण दिखाई दे रहे हैंए तो उसकी सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग को दें। सरकार द्वारा चलाई जा रही निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी के इलाज के दौरान प्रत्येक मरीज को 500 रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता भी दी जा रही है।सरकार द्वारा सीबीएनएएटी तकनीक के माध्यम से टीबी की मुफ्त जांच की जाती है, जिससे इस बीमारी की सटीक और त्वरित पहचान संभव होती है। सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी के मरीजों को निशुल्क दवा और समुचित इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त निक्षय पोषण योजना के तहत प्रत्येक पंजीकृत टीबी मरीज को 1000 रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती हैए ताकि वे उचित पोषण प्राप्त कर सकें।



जींद। बीमारियों से बचाव व इलाज के लिए आमजन को जागरूक करने के लिए बढ़ाई जाएं आईईसी गतिविधिया।

#### टीबी संक्रामक रोग

टीबी एक संक्रामक रोग हैए लेकिन कुछ सावधानियां बरतकर इससे बचा जा सकता है। संक्रमित व्यक्ति को खांसते या छींकते समय अपने मुंह और नाक को रूमाल या मास्क से ढंकना चाहिए और इधर-उधर नहीं थूकना चाहिएए क्योंकि इसके बैक्टीरिया हवा में फैलकर अन्य लोगों को संक्रमित कर सकते हैं। मरीज को इलाज के दौरान डॉक्टर द्वारा दी गई पूरी दवा को निर्धारित समय तक लेना आवश्यक है। अन्यथा बीमारी और गंभीर रूप ले सकती है। संतुलित आहार और मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली भी टीबी से बचाव में सहायक होती है।

#### डीसी का टीबी पीड़ित बच्चों को गोद लेने की पहल

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने इस अवसर पर मानवीय संवेदनाओं की मिसाल पेश करते हुए टीबी से पीड़ित दो जरूरतमंद बच्चों को गोद लेने की पहल की। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सामाजिक दायित्व नही बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों सामाजिक संस्था से अपील की कि वे भी अपनी क्षमता के अनुसार टीबी पीड़ितों को गोद लेकर उनकी मदद करें। उन्होंने कहा कि टीबी केवल एक बीमारी नही, बल्कि समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है। यदि हम सभी मिलकर टीबी मरीजों की मदद करें और उन्हें आवश्यक उपचार, पोषण और भावनात्मक सहयोग प्रदान करें।

#### पौष्टिक आहार लेने को किया जा रहा प्रेरित : डॉ. कटारिया

डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों को पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक किया जाएगा ताकि एनीमिया जैसी बीमारियों से बचाव हो सके। उन्होंने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी हैए जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु के कारण होती है। यह मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है और हवा के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। टीबी उन्मूलन के लिए 100 दिन निक्षय शिविर योजना के अंतर्गत विशेष कदम उठाए गए हैं।



जींद। कार्यक्रम देखते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## स्कूलों में प्रधानमंत्री का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम दिखाया गया

- सीधा प्रसारण दिखाने के लिए किए स्क्रीन, एजुसेट और इंटरनेट की थी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रधानमंत्री का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम सोमवार को जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में दिखाया गया। डिफेंस कॉलोनी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने शिरकत की। विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

स्कूलों में सीधा प्रसारण दिखाने के लिए किए स्क्रीन, एजुसेट और इंटरनेट की व्यवस्था की गई थी। यह कार्यक्रम छठी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम सुनकर विद्यार्थी खुश थे। विद्यार्थियों का कहना था कि परीक्षा सुनकर उन्हें तनाव मुक्त करने, समय प्रबंधन, कमजोर विषयों की बेहतर तैयारीए ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करने के बारे में जानकारी मिली। छात्रों ने कहा कि वह प्रधानमंत्री द्वारा बताई गई बातों को जीवन में उतारने की कोशिश करेंगे।

कार्यक्रम के लिए स्कूल को 30 हजार रुपये तक खर्च करने की अनुमति दी गई थी। यह खर्च स्कूल अपनी ग्रांट से कर सकते थे। फरवरी माह के अंत में 10वीं व 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं शुरू होंगी। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि ऐसे में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए लाभदायक सिद्ध हुआ है। विद्यार्थियों की परीक्षा नजदीक है। इससे विद्यार्थियों को परीक्षाओं को लेकर बेहतर तैयारी करने में मदद मिलेगी।

## निर्माण कार्य मजदूर-मिस्त्री यूनियन की बैठक लघु सचिवालय परिसर में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

लघु सचिवालय परिसर नरवाना में निर्माण कार्य मजदूर.मिस्त्री यूनियन की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता युनियन ब्लॉक प्रधान सुरेश कुमार ने की। ब्लॉक प्रधान सुरेश कुमार ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य से जुड़े मजदूरों की समस्याओं का अभी तक न तो जिला प्रशासन तथा न ही सरकार ने कोई संज्ञान लिया है। जबकि 50000 आवेदन श्रम कल्याण विभाग द्वारा निरस्त किए जाने से मजदूरों ने अपना विरोध प्रदर्शन किया और यूनियनों ने अपनी मांगों के ज्ञापन सरकार तक पहुंचाए हैं। इस सभा को विशेष रूप से सम्बोधित करते हुए जिला संयोजक पाल सिंह ने बताया कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार हम प्रत्येक ब्लॉक व गांव स्तर तक अपने आंदोलन को ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। जब तक सरकार निरस्त किए गए पात्र मजदूरों के आवेदनों को स्वीकार नहीं करती तब तक यूनियन चैन से नहीं बैठेगी तथा यूनियन का श्रम कल्याण विभाग के भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। जिन अधिकारियों ने थोक में गलत तरीके से मजदूरों के खाते में पैसे डलवाकर मजदूरों की कॉपी को निरस्त करवाया उन दोषी अधिकारियों को सख्त से सख्त सजा दिलवाने के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए। 13 को ब्लॉक पिल्लुखेड़ाए उझाना व उचाना में प्रदर्शन किए जाएंगे।



बैठक में भाग लेते हुए निर्माण मजदूर। फोटो : हरिभूमि



पूंडरी। प्रतियोगिता में भाग लेते डीएवी स्कूल पूंडरी के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में 3 दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**पूंडरी** डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में 3 दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आज शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्या साधना बख्शी ने की। इस मौके पर प्राचार्या एवं शारीरिक प्राध्यापक सुशील कुमार का स्कूल स्टॉफ की तरफ से बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर कक्षा चौथी से लेकर 7वीं कक्षा के विद्यार्थियों की 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर रेस करवाई गई। बच्चों ने पूरे जोश के साथ रेस में भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल 13 फवरी को होगा, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान मंच का संचालन योगा कोच दिलबाग ने किया। इसके अलावा आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी बच्चों को प्रोजैक्टर पर दिखाया गया। प्रधानमंत्री बच्चों से परीक्षा पे चर्चा को लेकर संवाद कर रहे थे। बच्चों द्वारा लाइव प्रसारण देखना रोमांच भरा था। इस मौके पर शारीरिक शिक्षिका कोमल, अमित पी.टी.आई. सहित स्कूल का पूरा स्टॉफ भी मौजूद रहा।

## युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से करवाया गया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल पुलिस द्वारा एसपी राजेश कालिया के निर्देशानुसार सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को जागरूकता रैली, सेमिनार और वर्कशॉप के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव और नशे की लत से ग्रस्त लोगों के पुनर्वास संबंधी जानकारी प्रदान की जा रही हैं। एसपी राजेश कालिया ने कहा कि नशीले पदार्थों का प्रयोग करने से बचें और अपने परिवार के लोगों को भी बुरी लत से बचाते हुए अपने आस पड़ोस में नशा ना करने बारे जागरूक करें। एसपी राजेश कालिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नशा मुक्त अभियान में कैथल पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा निरंतर रुप से सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को नशा न करने बारे जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ साथ कैथल पुलिस मादक पदार्थों की बिक्री में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है। सोमवार को नशा जागरूकता टीम में शामिल पीएसआई रामलाल, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार तथा होमगार्ड शमशेर सिंह की टीम द्वारा पूंडरी क्षेत्र में गांव नैना, धौंस, फतेहपुर, पूंडरी सहित अन्य जगहों पर युवाओं सहित आमजन को नशा के दुष्प्रभावों बारे अवगत करवाते हुए नशा ना करने बारे जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को संदेश दिया गया कि नशा समाज के लिए ऐसी दीमक है जो समय से पहले ही जीवन को समाप्त कर देती है। नशीले पदार्थ व्यक्ति को न केवल शारीरिक हानि पहुंचाता है।



कैथल । पीएसआई रामलाल युवाओं को जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि



सीवन के श्री कृष्ण कृपा मन्दिर में आयोजित हवन में भाग लेते श्रद्धालु

### श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया श्री कृष्ण कृपा सेवा मंदिर 11वां प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**सीवन**। श्री कृष्ण कृपा सेवा मंदिर सीवन में 11वां प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन गीता मनीषी व महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से आयोजित किया गया। श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति के प्रधान संजय आहूजा, उप-प्रधान राजीव मिड्ढा एवं सचिव मोंटी कामरा ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव के कार्यक्रम की शुरुआत श्रृंगार आरती और नित्य पाठ से हुई। इसके पश्चात गीता यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके पश्चात भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक केवल कृष्ण मिड्ढा, संजय आहूजा, समीर नागपाल, धीरज गंभीर एवं अन्य कलाकारों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर हरदीप नागपाल एवं कृष्ण वधवा बंसीवाले ने बताया कि 10 फरवरी 2014 को श्री कृष्ण कृपा सेवा मंदिर में श्री राधा-कृष्ण, मां दुर्गा, भगवान हनुमान जी एवं शिव परिवार के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। आज इस पावन क्षण को 11 गौरवशाली वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस अवसर पर अटूट भंडारे का आयोजन किया गया।

## नवजात की देखभाल में अनदेखी पड़ सकती है भारी

सूरज सहारण ▶▶| कैथल



- शिशु को होती है बेहद देखभाल की जरूरत

नवजात शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत ही कम होती है इसलिए शुरूआत शुरूआती समय के अंदर उसे बेहद खास देखभाल की जरूरत होती है। इस समय यदि बच्चे की स्वास्थ्य के प्रति थोड़ी सी अनदेखी की जाए तो वह भारी पड़ सकती है। नवजात की देखभाल कैसे की जाए इसे लेकर हरिभूमि ने उजाला सिग्नस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की बाल रोग विशेषज्ञ डा. रितू से बातचीत की। उन्होंने कहा कि नवजात किस से जुड़ी समस्याओं की अनदेखी करना कई मामलों में भारी पड़ सकता है। डा. रितू ने कहा कि इस बात को समझना जरूरी है कि वह बच्चा पूरी तरह से आप पर निर्भर है। ऐसे में उसकी सेहत से जुड़े प्रत्येक संकट को गंभीरता से लेना चाहिए। बच्चों में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं में मुख्य रूप से पीलिया, सर्दी जुकाम आदि हैं। इनमें से अधिकतर समस्याएं गंभीर नहीं होती लेकिन उन्हें विशेष रूप से माता-पिता की देखभाल की जरूरत होती है। यदि नवजात शिशु लगातार रो रहा है तो समझना चाहिए कि बच्चा को किसी ऐसी समस्या से जूझ रहा है जो उसके लिए असहनीय है। ऐसे में उसे तुरंत बाल रोग विशेषज्ञ से चेकअप करवाना चाहिए। नवजात शिशुओं को स्वास्थ्य समस्याओं का सामना इसलिए भी करना पड़ता है क्योंकि वह नए वातावरण से सामंजस्य बिठा रहे होते हैं। ऐसे में नए माता-पिता को यह पता होना चाहिए कि नवजात शिशु को होने वाली समस्याओं से कैसे निपटा जाए। उन्होंने बताया कि नवजात शिशु बोल नहीं सकते इसलिए कोई भी समस्या होने पर वह केवल रोते हैं। अगर समस्या छोटी है तो वह थोड़ी देर रो कर चुप हो जाते हैं लेकिन यदि बच्चा लगातार रो रहा है तो ऐसा लंबे समय से हो रहा है तो इसकी तुरंत प्रभाव से जांच करवाएं।

उन्होंने बताया कि बच्चे का रोग प्रतिरोधक तंत्र पूरी तरह से विकसित नहीं हुआ होता है। ऐसे में उनके सर्दी जुकाम और फ्लू जैसे संक्रमण की चपेट में आने का काफी अंदेशा बढ़ जाता है। यदि बच्चे में नाक बहने खांसी और छीकने के लक्षण दिखाई दे तो हमें समझना चाहिए कि बच्चा संक्रमण की चपेट में आ गया है। ऐसे में किसी तरह की लापरवाही न बरतते।



बैठक में भाग लेते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा नेताओं ने टटोली दावेदारों की नब्ज

**जुलाना**। कस्बे के रेस्टहाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक की आयोजन किया गया जिसमें नगरपालिका के चेयरमैन पद के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिला प्रभारी मदन गोयलए जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुलए जुलाना निकाय चुनाव प्रभारी राजकुमार कटारिया मौजूद रहे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जुलाना में नगरपालिका चुनावों में भाजपा की जीत तय है। जीत को देखते हुए उम्मीदवार भी ज्यादा हैं। अब तक 15 उम्मीदवारों के नाम की लिस्ट आ चुकी है। सभी का ब्यौरा मुख्यालय भेजा चुका है। जिसकी भी नपा के लिए टिकट आएगी उसका सभी कार्यकर्ताओं सहयोग करना होगा। भाजपा एक पार्टी ही नही बल्कि एक ऐसा संगठन है जिसमें एक छोटे से छोटे कार्यकर्ता को पूरा मान सम्मान दिया जाता है। किसी भी पार्टी की कार्यकर्ता ही रीढ़ की हड्डी होता है। कार्यकर्ता के दम पर भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है।

**मांग** शिकायत में पालिका सचिव पर लगाए अभद्रता करने के आरोप

# गली का लेवल ठीक करवाने को लेकर महिला ने डीसी को दी शिकायत

- अधिकारी गली को सही लेवल से नहीं बनवा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों के वार्ड 16 स्थित शिव कालोनी में गली का लेवल सही तरीके से नहीं करने की शिकायत उपायुक्त जींद को की गई है। गली निवासी महिला शिल्पा पूरी के आरोप है कि नगरपालिका के अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। अधिकारी गली को सही लेवल से नहीं बनवा रहे हैं। गली को कही से ऊंची तो कहीं से नीची बनाया जा रहा है। महिला शिल्पा के आरोप है कि जब गली का लेवल सहीं करवाने को लेकर वह पालिका सख्विव से मिलने पहुंची तो उन्होंने उसके साथ अभ्रद व्यवहार किया। सचिव ने उससे कहा कि वह किसी भी अधिकारी के पास चली जाए, गली तो इसी प्रकार से बनाई जाएगी। शिल्पा पुरी ने बताया कि उनकी गली में जलभराव की स्थिति रहती थी और गली को अवैध रूप से ऊंची उठाया गया था। जिसकी शिकायत उन्होंने नगरपालिका सफीदों में की थी। समस्या का समाधान ना होते देख उसने इसकी शिकायत एसडीएम ऑफिस सफीदों व उपायुक्त कार्यालय जींद में लगने वाले समाधान शिविर में दो-दो बार की। वहां से पालिका सख्विव को इस संबंध में कार्रवाई के आदेश प्राप्त हुए। जिसके बास नगरपालिका सख्विख्व ने कार्रवाई करते हुए हमारे घर के सामने गली को उखाड़ दिया परंतु जिनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए लिखा था उनके घर के सामने गली की एक ईंट भी नहीं उखड़ी। महिला ने बताया कि अपने साथ हुए अभद्र व्यवहार की शिकायत की शिकायत उसने उपायुक्त जींद को की है। इस शिकायत में उसने उपायुक्त से गली को सही लेवल से बनाने की मांग भी उठाई है। इस मामले में पालिका सचिव आशिष कुमार का कहना है कि उनके ऊपर लगाए गए अभ्रद व्यवहार के आरोप निराधार व गलत हैं। गली को सहीं मापदंडों के अनुसार बनाया जा रहा है।





जींद। शिकायत की प्रति दिखाते हुए महिला शिल्पा पूरी व गली में निर्माण के लिए डाली गई निर्माण सामग्री। फोटो : हरिभूमि




कैथल। डा. विनोद कुमार मेधावी छात्र सक्षम मलिक को सम्मानित करते हुए।

### छात्र सक्षम मलिक ने राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में देशभर में पाया तीसरा स्थान

**कैथल**। एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल के मेधावी छात्र सक्षम मलिक ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित जेसीसैट जे सी आई इंडिया प्रतिभा खोज परीक्षाद्ध में जोन-1 में प्रथम स्थान तथा अखिल भारतीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालयए परिवार और क्षेत्र का मान बढ़ाया। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में देशभर से हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया था। सक्षम की इस असाधारण उपलब्धि पर उसे 31,000 की छात्रवृत्ति, स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

विद्यालय में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में निदेशक डॉ. विनोद कुमार, चेयरपर्सन निधि कंसल, प्रबंधक गौरव गर्ग एवं प्राचार्य डॉ. संत कौशिक ने सक्षम का पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ. विनोद कुमार ने सक्षम की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि उसकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु संचालित फाउंडेशन कक्षाओं की सफलता का भी प्रमाण है।